CAREERINDIA

**Series GBM/1**

**SET-2**

कोड नं.
Code No. **66/1/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **23** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

www.c

# व्यावसायिक अध्ययन
# BUSINESS STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 80*

[P.T.O.

CAREERINDIA

*सामान्य निर्देश:*

*(i)* ***1*** *अंक वाले प्रश्नों के उत्तर* ***एक शब्द*** *से* ***एक वाक्य*** *तक हों।*

*(ii)* ***3*** *अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर* ***50−75*** *शब्दों के हों।*

*(iii)* ***4−5*** *अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***150*** *शब्दों के हों।*

*(iv)* ***6*** *अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***200*** *शब्दों के हों।*

*(v)* *एक प्रश्न के सभी भाग साथ−साथ ही हल कीजिए।*

***General Instructions :***

*(i)* *Answers to questions carrying* ***1*** *mark may be from* ***one word*** *to* ***one sentence****.*

*(ii)* *Answers to questions carrying* ***3*** *marks may be from* ***50-75*** *words.*

*(iii)* *Answers to questions carrying* ***4-5*** *marks may be about* ***150*** *words.*

*(iv)* *Answers to questions carrying* ***6*** *marks may be about* ***200*** *words.*

*(v)* *Attempt all parts of a question together.*

**1.** 'वित्तीय प्रबंध' का क्या अर्थ है ? 1

What is meant by 'financial management' ?

**2.** चयन प्रक्रिया में 'रोजगार साक्षात्कार' क्यों लिया जाता है ? 1

Why is 'employment interview' conducted in the process of selection ?

www.careerindia.com

3. सुनीता अपनी भतीजी ऐश्वर्या को उसके जन्म दिवस के अवसर पर एक ड्रैस खरीदने हेतु 'बेनेटन' ले गई। वह आश्चर्यचकित हो गई जब ड्रैस का भुगतान करने पर उसे एक प्रख्यात खानपान की दुकान पर 500 ₹ या अधिक का खाना खाने पर 20% की छूट का वाउचर मिला।

उपरोक्त स्थिति में कम्पनी द्वारा अपनाई गई विक्रय प्रवर्तन तकनीक की पहचान कीजिए। 1

Sunita took her niece, Aishwarya for shopping to 'Benetton' to buy her a dress on the occasion of her birthday. She was delighted when on payment for the dress she got a discount voucher to get 20% off for a meal of ₹ 500 or above at a famous eating joint.

Identify the technique of sales promotion used by the company in the above situation.

4. एक प्रख्यात वाहन निर्माता मेका लिमिटेड को अपने व्यवसाय के विस्तार हेतु दस करोड़ रुपये की अतिरिक्त पूँजी की आवश्यकता है। कम्पनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी अतुल जालान, समता के माध्यम से वित्त एकत्रित करना चाहता था। परन्तु वित्त प्रबंधक निमी सहदेव ने कहा कि विभिन्न अनिवार्य तथा गैरअनिवार्य व्ययों के कारण सार्वजनिक निर्गमन महंगा पड़ सकता है। अतः प्रतिभूतियों को संस्थागत निवेशकों को आवंटित करने का निर्णय किया गया।

उस विधि का नाम बताइए जिसके माध्यम से कम्पनी ने अतिरिक्त पूँजी जुटाने का निर्णय किया। 1

CAREERINDIA

Meca Ltd. a reputed automobile manufacturer needs Rupees ten crores as additional capital to expand its business. Atul Jalan, the CEO of the company wanted to raise funds through equity. On the other hand the Finance Manager, Nimi Sahdev said that the public issue may be expensive on account of various mandatory and non-mandatory expenses. Therefore, it was decided to allot the securities to institutional investors.

Name the method through which the company decided to raise additional capital.

**5.** 'उद्‌गम' के आधार पर 'औपचारिक' तथा 'अनौपचारिक' संगठन में अन्तर दीजिए। 1

Differentiate between 'formal' and 'informal' organisation on the basis of 'origin.'

**6.** प्रबंध के एक घटक के रूप में 'अभिप्रेरणा' का अर्थ दीजिए। 1

Give the meaning of 'motivation' as an element of directing.

**7.** अल्फा एन्टरप्राइज़ेज़ पानी के गीज़र उत्पादन करने वाली एक कम्पनी है। कम्पनी का चार मुख्य कार्यों – उत्पादन, विपणन, वित्त तथा मानव संसाधन वाला एक क्रियात्मक ढांचा है। उत्पाद की मांग बढ़ने के कारण कम्पनी ने अधिक कर्मचारियों की भर्ती का निर्णय लिया।

उस अवधारणा की पहचान कीजिए जो मानव संसाधन प्रबंधक को विभिन्न विभागों के लिए आवश्यक लोगों की संख्या का निर्णय लेने में सहायक होगी। 1

www.careerindia.com

Alpha Enterprises is a company manufacturing water geysers. The company has a functional structure with four main functions – Production, Marketing, Finance and Human Resource. As the demand for the product grew, the company decided to hire more employees.

Identify the concept which will help the Human Resource Manager in deciding the actual number of persons required in each department.

**8.** 1935 से हिना स्वीट्स गुणवत्ता वाली मिठाइयों का एक जाना–पहचाना नाम है। हिना स्वीट् के मालिक हर्ष पिछले तीन मास से बिक्री में कमी के कारण परेशान थे। जब उन्होंने इसके विषय में विक्रय प्रबंधक से पूछताछ की तो विक्रय प्रबंधक ने रिपोर्ट दी कि मिठाइयों की गुणवत्ता के विषय में कुछ शिकायतें हैं। अतः हर्ष ने मिठाइयों की नमूना जाँच का आदेश दिया।

हर्ष द्वारा लिए गये उस चरण की पहचान कीजिए जो प्रबंध के एक कार्य से संबंधित है। 1

Hina Sweets is a renowned name for quality sweets since 1935. Harsh the owner of Hina Sweets was worried as the sales had declined during the last three months. When he enquired from the Sales Manager, the Sales Manager reported that there were some complaints about the quality of sweets. Therefore Harsh ordered for sample checking of sweets.

Identify the step taken by Harsh that is related to one of the functions of management.

CAREERINDIA

**9.** 'अनुशासन' तथा 'सोपान श्रृंखला' को प्रबन्ध के सामान्य सिद्धान्तों के रूप में समझाइए। 3

Explain briefly 'discipline' and 'scalar chain' as principles of general management.

**10.** नियोजन की किन्हीं तीन सीमाओं का उल्लेख कीजिए। 3

State any three limitations of planning.

**11.** प्रबन्ध के निर्देशन कार्य के महत्व पर प्रकाश डालने वाले किन्हीं तीन बिन्दुओं को समझाइए। 3

Explain any three points that highlight the importance of directing function of management.

**12.** गिनीका, तनिष तथा रोहित कॉलेज के दिनों के दोस्त थे तथा अब वे अलग-अलग प्रकार के व्यवसाय में लगे हुए थे। वे निरन्तर मिलते हैं तथा उपभोक्ता संतुष्टि, विपणन प्रयासों, उत्पाद डिजाइन, विक्रय तकनीक, सामाजिक चिन्ताओं इत्यादि पर अपने व्यावसायिक विचारों तथा टिप्पणियों का आदान-प्रदान करते हैं।

ऐसी ही एक सभा में गिनीका ने तनिष तथा रोहित का ध्यान उपभोक्ता शोषण की तरफ आकर्षित किया। उसने कहा कि बहुत से विक्रेता विभिन्न तरीकों से उपभोक्ताओं का शोषण कर रहे हैं तथा विपणन के सामाजिक, नैतिक तथा पर्यावरणीय पहलुओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जबकि वह ऐसा नहीं कर रही थीं।

तनिष ने कहा कि वे उपभोक्ता संतुष्टि के कारण दबाव में हैं, परन्तु उपभोक्ता या तो क्रय करते ही नहीं अथवा पर्याप्त मात्रा में क्रय नहीं करते जब तक उन्हें इसके लिए समुचित रूप से मनाया या प्रेरित न किया जाए।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

रोहित ने दबाव देकर कहा कि कोई एक कम्पनी अपने उद्देश्यों की प्राप्ति उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को अच्छी तरह समझे बिना नहीं कर सकती। यह व्यवसाइयों का कर्तव्य है कि वे उपभोक्ता संतुष्टि को ध्यान में रखें क्योंकि व्यवसाय समाज द्वारा प्रदत्त स्रोतों से चलाया जाता है। उसने आगे कहा कि वह स्वयं उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखता है।

उन विभिन्न प्रकार की विचारधाराओं की पहचान कीजिए जिनके द्वारा व्यवसाय के विपणन प्रयत्नों में गिनीका, तनिष तथा रोहित का मार्गदर्शन हुआ। पहचानी गई विचारधारा की एक-एक अतिरिक्त विशेषता का भी उल्लेख कीजिए जो उपरोक्त अनुच्छेद में नहीं दी गई है। 3

Ginika, Tanish and Rohit were friends from college days and now they are doing different kinds of business. They regularly meet and discuss their business ideas and exchange notes on customer satisfaction, marketing efforts, product designing, selling techniques, social concerns etc.

In one of such meetings, Ginika drew the attention of Tanish and Rohit towards the exploitation of consumers. She told that most of the sellers were exploiting the consumers in various ways and were not paying attention towards the social, ethical and ecological aspects of marketing, whereas she was not doing so.

Tanish told that they were under pressure to satisfy the consumers, but stated that the consumers would not buy or not buy enough unless they were adequately convinced and motivated for the same.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

Rohit stressed that a company cannot achieve its objectives without understanding the needs of the customers. It was the duty of the businessmen to keep consumer satisfaction in mind because business is run by the resources made available to them by the society. He further stated that he himself was taking into consideration the needs of the customers.

Identify the various types of thinking that guided Ginika, Tanish and Rohit in the marketing efforts of their business. Also, state one more feature of the various types of thinking identified that is not given in the above para.

**13.** सोमनाथ लिमिटेड वस्त्रों के निर्यात व्यवसाय में संलग्न है। पूर्व में, कम्पनी का प्रदर्शन अपेक्षाओं के अनुरूप था। नवीनतम प्रौद्योगिकी के अनुसार कम्पनी ने अपनी मशीनरी के उन्नयन का निर्णय किया। इसके लिए, वित्त प्रबंधक डालमिया ने, वित्त की आवश्यकता तथा इसके समय का अनुमान लगाया। यह कम्पनी को सतत आधार पर निवेश तथा वित्तीय निर्णयों को जोड़ने में सहायक होगा। अतः डालमिया ने अगले चार वर्षों के विक्रय अनुमान की तैयारी करनी प्रारम्भ कर दी। उसने आने वाले वर्षों के अनुमानित लाभ के आंकड़े भी एकत्रित करने आरम्भ कर दिये। इसके द्वारा वह व्यवसाय के आन्तरिक स्रोतों के द्वारा वित्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना चाहता था। शेष वित्त के लिए वह वैकल्पिक बाह्य स्रोतों का पता लगाने में प्रयत्नशील था।

उपरोक्त अनुच्छेद में वर्णित वित्तीय अवधारणा की पहचान कीजिए। इस प्रकार पहचान की गयी वित्तीय अवधारणा के उपयोग से प्राप्त किये जाने वाले उद्देश्यों का भी उल्लेख कीजिए। 3

www.careerindia.com

CAREERINDIA

Somnath Ltd. is engaged in the business of export of garments. In the past, the performance of the company had been upto the expectations. In line with the latest technology, the company decided to upgrade its machinery. For this, the Finance Manager, Dalmia estimated the amount of funds required and the timings. This will help the company in linking the investment and the financing decisions on a continuous basis. Dalmia therefore, began with the preparation of a sales forecast for the next four years. He also collected the relevant data about the profit estimates in the coming years. By doing this, he wanted to be sure about the availability of funds from the internal sources of the business. For the remaining funds he is trying to find out alternative sources from outside.

Identify the financial concept discussed in the above para. Also state the objectives to be achieved by the use of financial concept, so identified.

**14.** स्वीडन से अपनी उद्यमिता की पढ़ाई पूर्ण करने के पश्चात् भारत वापसी पर संचित ने नई दिल्ली के एक प्रसिद्ध माल में 'अरोमाकॉफीकेन' नामक दुकान खोली। कॉफी शॉप की विशिष्टता कॉफी की विशेष सुगंध तथा चयन करने हेतु खुशबुओं की विभिन्न प्रकार थी। कुछ कारणवश व्यवसाय न तो लोकप्रिय हुआ तथा न ही लाभप्रद। संचित इसका कारण जानने के लिए उत्सुक था। इसके कारण का पता लगाने के लिए उसने संध्या को एक प्रबंधक नियुक्त किया जिसने एक प्रसिद्ध कॉलेज से एम.बी.ए. की थी।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

संध्या ने ग्राहकों की प्रतिपुष्टि प्राप्त की तथा पाया कि उन्हें कॉफी की लाजवाब सुगंध तो प्रिय थी परन्तु वे आर्डर को पूरा करने में लिए जाने वाले लम्बे समय से प्रसन्न नहीं थे। उसने विश्लेषण किया तथा पता लगाया कि इसमें बहुत सी अनावश्यक अड़चनें थीं जिन्हें दूर किया जा सकता था। उसने आर्डर को पूरा करने के लिए एक मानक समय निर्धारित कर दिया।

उसे यह भी अनुभव हुआ कि कुछ ऐसी खुशबू भी थी जिनकी मांग अच्छी नहीं थी। अतः उसने ऐसी खुशबुओं के विक्रय को रोक दिया। परिणामस्वरूप बहुत अल्प समय में संध्या ग्राहकों को आकर्षित करने में सफल हो गई।

समस्या को सुलझाने के लिए संध्या द्वारा उपयोग की गई वैज्ञानिक प्रबंध की किन्हीं दो तकनीकों की पहचान कीजिए तथा समझाइए। 4

Sanchit, after completing his entrepreneurship course from Sweden returned to India and started a coffee shop 'AromaCoffeeCan' in a famous mall in New Delhi. The speciality of the coffee shop was the special aroma of coffee and a wide variety of flavours to choose from. Somehow, the business was neither profitable nor popular. Sanchit was keen to find out the reason. He appointed Sandhya, an MBA from a reputed college, as a Manager to find out the causes for the same.

Sandhya took feedback from the clients and found out that though they loved the special unique aroma of coffee but were not happy with the long waiting time being taken to process the order. She analysed and found out that there were many unnecessary obstructions in between which could be eliminated. She fixed a standard time for processing the order.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

She also realised that there were some flavours whose demand was not enough. So, she also decided to stop the sale of such flavours. As a result with in a short period Sandhya was able to attract the customers.

Identify and explain any two techniques of scientific management used by Sandhya to solve the problem.

**15.** हवा शुद्धिकरण यन्त्र बनाने वाली एक कम्पनी 'एक्स लिमिटेड' में, आशुतोष गोयनका कार्यरत था। उसने पाया कि पिछले छः मास से लाभ कम होने लगा था। लाभ कम्पनी की उत्तरजीविता पर प्रभाव डालता है, अतः उसने इस कमी के कारणों का पता लगाने के लिए व्यावसायिक पर्यावरण का विश्लेषण किया।

(क) प्रबंध के उस स्तर की पहचान कीजिए जिस पर आशुतोष गोयनका कार्यरत था।

(ख) आशुतोष गोयनका द्वारा निष्पादित किये जाने वाले किन्हीं तीन अन्य कार्यों का उल्लेख कीजिए। 4

Ashutosh Goenka was working in 'Axe Ltd.', a company manufacturing air purifiers. He found that the profits had started declining from the last six months. Profit has an implication for the survival of the firm, so he analysed the business environment to find out the reasons for this decline.

(a) Identify the level of management at which Ashutosh Goenka was working.

(b) State three other functions being performed by Ashutosh Goenka.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**16.** नियोजन के प्रकारों के रूप में 'प्रक्रिया' तथा 'नियम' का अर्थ दीजिए। 4

Give the meaning of 'procedure' and 'rule' as types of plans.

**17.** उमंग गुप्ता दनवेर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। कम्पनी ने अपने लिए अच्छा नाम कमाया तथा अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। यह समय पर आर्डर पूरा करने के लिए जानी जाती थी। उत्पादन प्रबंधक सुश्री कान्ता आर्डरों के संसाधन की देखरेख कर रही थी तथा उसके अधीन चौदह प्रेरित कर्मचारियों की एक टीम कार्य कर रही थी। सभी काम सुचारु रूप से चल रहे थे। दुर्भाग्यवश एक दिन उसका एक्सीडेन्ट हो गया। उमंग को यह पता था कि सुश्री कान्ता की अनुपस्थिति में कम्पनी को अपनी निर्धारित तिथियों तक आर्डरों को पूरा कर पाना संभव नहीं हो पायेगा। वे यह भी जानते थे कि समय पर आर्डर पूरा नहीं कर पाने का परिणाम ग्राहकों को असंतुष्ट कर सकता है तथा इससे व्यापार तथा ख्याति को नुकसान का जोखिम भी था। अतः उसने अपने कर्मचारियों के साथ एक बैठक की जिसमें आर्डरों को सही तथा गतिपूर्वक प्रक्रियण की योजना बनाई। उमंग गुप्ता का व्यवहार संगठन के कर्मचारियों के प्रति सकारात्मक था, अतः सभी एक टीम के रूप में कार्य करने को सहमत हो गये। अतएव सभी ने अतिरिक्त समय दिया तथा प्रयत्न किए व समय पर लक्ष्यों को पूरा कर लिया गया।

यही नहीं उमंग, सुश्री कान्ता से मिलने भी गये तथा उन्हें उपयुक्त आराम करने का परामर्श दिया।

(क) उमंग गुप्ता की नेतृत्व शैली की पहचान कीजिए तथा इसको दर्शाने के लिए एक चित्र बनाइए।

(ख) उमंग गुप्ता के व्यवहार द्वारा दर्शाए गये किन्हीं दो मूल्यों का उल्लेख कीजिए। 4

www.careerindia.com

CAREERINDIA

Umang Gupta is the Managing Director of Denver Ltd. The company had established a good name for itself and had been doing well. It was known for timely completion of orders. The Production Manager, Ms. Kanta was efficiently handling the processing of orders and had a team of fourteen motivated employees working under her. Everything was going on well. Unfortunately she met with an accident. Umang knew that in the absence of Ms. Kanta, the company may not be able to meet the deadlines. He also knew that not meeting the deadlines may lead to customer dissatisfaction with the risk of loss of business and goodwill. So, he had a meeting with his employees in which accurate and speedy processing of orders was planned. Everybody agreed to work as team because the behaviour of Umang Gupta was positive towards the employees of the organisation. Hence everyone put in extra time and efforts and the targets were met on time.

Not only this, Umang visited Ms. Kanta and advised her to take sufficient rest.

(a) Identify the leadership style of Umang Gupta and draw a diagram depicting the style.

(b) State any two values highlighted by the behaviour of Umang Gupta.

www.careerindia.com

**18.** भर्ती के आंतरिक स्रोतों 'स्थानांतरण' तथा 'पदोन्नति' को संक्षेप में समझाइए। 4

Explain briefly 'transfers' and 'promotions' as internal sources of recruitment.

CAREERINDIA

**19.** आजकल किसी देश के विकास को उस प्रणाली द्वारा भी जाना जाता है जिसमें किसी एक खण्ड में उपलब्ध आधिक्य वित्त को उस खण्ड में स्थानान्तरित किया जाता है जहाँ पर इसकी अत्यधिक आवश्यकता होती है। अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिये सेबी पूँजी बाज़ार को विकसित करने के उपाय कर रही है। इसके अतिरिक्त एक दूसरा बाज़ार भी है, जिसमें अनारक्षित तथा लघुकालीन ऋण प्रलेखों का प्रतिदिन सक्रिय रूप से क्रय-विक्रय होता है। ये बाज़ार संयुक्त रूप से उपलब्ध वित्त की बचत करने वालों तथा निवेशकों को, अत्यधिक उत्पादक कार्य अवसरों में निवेश करने में निर्देशित करते हैं।

(क) उपरोक्त स्थिति में बाज़ार द्वारा निष्पादित कार्य की पहचान कीजिए।

(ख) इस बाज़ार द्वारा निष्पादित किये जाने वाले तीन अन्य कार्यों को भी संक्षेप में समझाइए। 4

These days, the development of a country is also judged by its system of transferring finance from the sector where it is in surplus to the sector where it is needed most. To give strength to the economy, SEBI is undertaking measures to develop the capital market. In addition to this there is another market in which unsecured and short-term debt instruments are actively traded everyday. These markets together help the savers and investors in directing the available funds into their most productive investment opportunity.

(a) Name the function being performed by the market in the above case.

(b) Also, explain briefly three other functions performed by this market.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**20.** इंडियन यूथ आर्गेनाइजेशन (आई.वाई.ओ.) ने अपने सदस्यों में सामाजिक कार्य करने की आदत डालने के लिए एक वृद्ध आश्रम की यात्रा का आयोजन किया। यात्रा से पता चला कि वृद्ध आश्रम में रहने वाले लोगों की आवासीय दशा स्वास्थ्यकर नहीं थी। अतः आई.वाई.ओ. सदस्यों ने परिसर की सफाई करने का निर्णय किया। सफाई अभियान के समय सदस्यों को यह अनुभव हुआ कि वृद्ध आश्रम में नाशक कीट नियन्त्रण की भी आवश्यकता थी। परन्तु, कुछ वृद्ध आश्रम सहवासी इसके लिए अनिच्छुक थे क्योंकि उनका मानना था कि इससे उनके लिए स्वास्थ्य सम्बन्धी कठिनाइयाँ उत्पन्न हो सकती थीं। इसलिए, आई.वाई.ओ. ने उनके लिए नीतिपरक, सुरक्षित तथा गन्धहीन नाशक कीट नियन्त्रण प्रदान करने का निर्णय किया। उन्होंने वृद्ध आश्रम सहवासियों को प्रस्तावित नाशक कीट नियन्त्रण उत्पाद का एक पैम्फलेट दिखाया जो आसान, कम खर्चीला तथा ज्यादा चलने वाला था। सहवासी इसके लिए खुशी–खुशी तैयार हो गये तथा नाशक कीट नियन्त्रण क्रियान्वित कर दिया गया। यह पन्द्रह दिनों तक प्रभावी रहा लेकिन उन्हें निराशा हुई कि इसका प्रभाव खत्म होना शुरू हो गया। आई.वाई.ओ. ने नाशक कीट नियन्त्रण कम्पनी से सम्बन्ध स्थापित किया जो अपने आगम को बार–बार टालते रहे। एक माह प्रतीक्षा करने के पश्चात् आई.वाई.ओ. ने उपभोक्ता अदालत में मुकदमा दायर कर दिया।

उपभोक्ता अदालत शिकायत के यथार्थ होने के विषय में संतुष्ट थी तथा नाशक कीट नियन्त्रण कम्पनी को आवश्यक निर्देश दिये।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

(क) अदालत द्वारा दिए जा सकने वाले किन्हीं छः निर्देशों का उल्लेख कीजिए।

(ख) आई.वाई.ओ. द्वारा समाज को संप्रेषित किये जाने वाले किन्हीं दो मूल्यों की पहचान भी कीजिए। 5

Indian Youth Organisation (IYO) organised a visit of its members to an old age home to inculcate the habit of social work among them. The visit revealed that the living conditions of the inmates of the old age home were not hygienic. So, the IYO members decided to clean the premises. During their cleanliness drive, they realised that the old age home also required pest control. But some of the inmates of old age home were reluctant for it because they believed that the pest control may create health problems for them. IYO, therefore decided to provide ethical, safe and odourless pest control. They showed to the inmates of old age home a pamphlet of the proposed pest control product which promised easy, inexpensive and long lasting pest control. The inmates happily agreed and the pest control was carried out. It worked for a fortnight but to their dismay the effect started wearing off. IYO contacted the pest control company which kept on postponing their visit. After waiting for a month, IYO filed a case in the consumer court.

The consumer court was satisfied about the genuineness of the complaint and issued necessary directions to the pest control company.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

(a) State any six directions that might have been issued by the court.

(b) Also, identify any two values that are being communicated by IYO to the society.

**21.** मेटलप नेटवर्क्स एण्ड टेक्नोलॉजिज लिमिटेड, संयुक्त राज्य में तकनीक नवप्रवर्तन की एक अग्रणी कम्पनी है तथा विश्व को जोड़ने हेतु उत्पादों तथा समाधानों का सृजन करती है। इसकी एक बहुत बड़ी शोध एवं विकास टीम है जिसने डब्ल्यू–7 नाम की स्मार्ट घड़ी का पहली बार आविष्कार किया है। समय दर्शाने के अतिरिक्त, घड़ी कुछ स्वास्थ्य सम्बन्धी पैरामीटर जैसे हृदय गति, रक्तचाप इत्यादि का परिवीक्षण भी करती है।

दूसरे देशों में बाज़ार तलाशने पर कम्पनी ने पाया कि भारत में आर्थिक विकास की गति को बढ़ाने हेतु सुधार प्रक्रिया चल रही है। सरलीकृत निर्यात प्रणाली तथा मात्रात्मक एवं कर प्रतिबंधों के हट जाने के कारण कम्पनी ने भारत में इसका लाभ उठाने का निर्णय लिया।

इसने भारतीय बाज़ार पर नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए जामनगर में अपना कार्यालय स्थापित किया। थोड़े ही समय में कम्पनी बाज़ार नेतृत्व वाली कम्पनी बन गई। कम्पनी की सफलता से बहुत सी कम्पनियाँ बाज़ार में प्रवेश के लिए आकर्षित हुईं। प्रतिस्पर्धा के कारण मूल्यों में कमी हुई जिससे उपभोक्ताओं को लाभ हुआ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

(क) उपरोक्त अनुच्छेद में सरकारी नीति से संबंधित दो प्रमुख अवधारणाओं की विवेचना की गई है। इन अवधारणाओं की पहचान कीजिए तथा समझाइए।

(ख) भारतीय व्यवसाय तथा उद्योग पर इन अवधारणाओं के किन्हीं तीन प्रभावों को भी संक्षेप में समझाइए। 5

Metlapp Networks and Technologies Ltd. is a leader in technology innovation in the United States, creating products and solutions for connecting the world. It has a large research and development team which invented the first smart watch, named as W-7. The watch besides showing the time also monitors few health parameters like heart beat, blood pressure etc.

While in search of markets abroad, the company found that in India, the reform process was underway with the aim of accelerating the pace of economic growth. The company decided to take advantage of simplified export procedure and removal of quantitative as well as tariff restrictions in India.

It set up its office in Jamnagar with a view to capture the Indian market. In a short span of time, the company emerged as a market leader. Success of the company attracted many other players to enter the market. Competition resulted in reduction in prices, thereby benefiting the customers.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

(a) In the above paragraph, two major concepts related to government policy have been discussed. Identify and explain these concepts.

(b) Also, explain briefly any three impacts of these concepts on Indian business and industry.

**22.** नियन्त्रण तथा नियोजन में सम्बन्ध का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 5

Describe briefly the relationship between controlling and planning.

**23.** मेडीक्विप लिमिटेड चिकित्सा उपकरणों के वितरण में संलग्न एक कम्पनी है। कम्पनी ने हाल ही में शुगर जांच करने की एक ऐसी मशीन, जो शुगर स्तर की जांच रक्त का नमूना लिए बिना कर सकती है, की 15000 इकाइयों का आयात किया। विपणन रणनीति के निर्धारण के लिए कम्पनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने विभिन्न क्षेत्रों के विपणन प्रमुखों की एक बैठक बुलाई।

बैठक में नार्थ जोन के प्रमुख संदीप ने सुझाव दिया कि, क्योंकि मशीन परिष्कृत है, उन्हें उन अस्पताल कर्मचारियों को जो इनका उपयोग करेंगे, मशीनों के उपयोग को समझाने के लिए व्यक्तिगत रूप में अस्पतालों में जाना चाहिए। उसने यह भी सुझाव दिया कि इसके लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति भी की जानी चाहिए।

एक अन्य क्षेत्रीय प्रमुख हिमांशु ने कहा कि, क्योंकि मशीनों के आयात पर बहुत राशि व्यय की जा चुकी है अतः कम्पनी के पास धन की कमी है तथा वह अतिरिक्त कर्मचारियों को भुगतान करने की स्थिति में नहीं है, जैसा कि संदीप ने सुझाव दिया है।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

दक्षिणी क्षेत्र के एक नवनियुक्त क्षेत्रीय प्रमुख राहुल ने सुझाव दिया कि, क्योंकि आदेश का आकार बहुत बड़ा नहीं है अतः वितरण माध्यम का उपयुक्त चयन करने से पूर्व इसे प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों का विस्तृत अध्ययन करने की आवश्यकता है।

(क) बैठक में विचार किये गये वितरण के विभिन्न माध्यमों के चयन को प्रभावित करने वाले कारकों की पहचान कीजिए।

(ख) भाग (क) में पहचान किये गये प्रत्येक कारक के दूसरे पहलुओं को भी संक्षेप में समझाइए जिन्हें ध्यान में रखा जाना चाहिए। 6

Mediquip Ltd. is a company dealing in distribution of medical equipments. The company recently imported 15000 units of sugar testing machines to test the sugar levels without taking blood samples. For deciding the marketing strategy, the Chief Executive Officer of the company called a meeting of the marketing heads of different zones.

In the meeting, Sandeep, the North Zone Marketing Head, suggested that since the machines were sophisticated they need to visit hospitals to personally, explain its working to the hospital staff who would be using the machines. He also suggested that additional trained people may be recruited for the same.

Himanshu, another Zonal Head, added that since lot of money had been spent on the import of the machines, the company was short of funds to pay to the additional staff as suggested by Sandeep.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

Rahul, a newly appointed Zonal Head of South Zone suggested that since the size of the order is not large, a detailed study of the factors determining the choice of channels of distribution is required before making the right choice.

(a) Identify the factors influencing the choice of channels of distribution which were discussed in the meeting.

(b) Also, explain briefly the other consideration to be taken care of in each factor identified in part (a).

**24.** व्यवसाय को साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने हेतु अमन चढ्ढा ने 'बुल्स आई' नामक कम्पनी की स्थापना की। इसका उद्देश्य साइबर आक्रमणों को रोकना, इनका पता लगाना तथा इन पर कार्यवाही करना एवं समीक्षात्मक आंकड़ों को सुरक्षा प्रदान करना है। वह एक परिश्रमी साफ्टवेयर इंजीनियर है तथा साइबर सुरक्षा का विशेषज्ञ है। उसकी प्रतिष्ठता दिनोंदिन बढ़ी क्योंकि न केवल वह सत्यनिष्ठ था, परन्तु अपने कार्य को पूरी ईमानदारी तथा सद्भाव से करता था। दिनों-दिन व्यवसाय का विकास होता गया।

जब उसे रक्षा मन्त्रालय की एक बड़ी परियोजना का प्रस्ताव प्राप्त हुआ तो वह बहुत हर्षित हुआ। परियोजना पर कार्य करते समय उसने पाया कि कार्य अधिकता के कारण सभी गतिविधियों की देखरेख करना उसके लिए व्यावहारिक नहीं था। उसने टीम के विस्तार का निर्णय किया। कम्पनी ने एक स्थानीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय के साथ घनिष्ठ संपर्क किया हुआ था। एक परिसर नौकरी नियुक्ति के समय ईशान तथा वृन्दा की परियोजना के लिए नियुक्ति हुई।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

उसने नये कर्मचारियों को योग्य, उत्साही तथा विश्वास योग्य पाया। अतः अमन चड्ढा ने केवल उद्देश्यों पर केन्द्रित किया तथा ईशान एवं वृन्दा की सहायता से परियोजना को समय पर पूरा कर पाया। यही नहीं अमन चड्ढा अपने प्रचालनों के क्षेत्र का भी विस्तार कर पाया। इसके अतिरिक्त ईशान तथा वृन्दा को विकास तथा पहल करने के भी अवसर प्राप्त हुए।

(i) उस अवधारणा की पहचान कीजिए तथा संक्षेप में समझाइए जिससे उपरोक्त स्थिति में अमन चड्ढा को उद्देश्यों पर केन्द्रित करने में सहायता प्राप्त हुई।

(ii) उपरोक्त (i) में पहचानी गयी अवधारणा के महत्व के किन्हीं चार बिन्दुओं का भी उल्लेख कीजिए। 6

Aman Chadha started 'Bulls Eye' a company for providing cyber security solutions to businesses. Its objective is to prevent, detect and respond to cyber attacks and protect critical data. He was a hardworking software engineer and an expert in cyber security. His reputation grew by leaps and bounds as he was not only a person of integrity but also did his work with utmost honesty and sincerity. The business started growing day by day.

He was delighted when he was offered a big project by the Ministry of Defence. While working on the project, he found that the volume of work made it impractical for him to handle all the work by himself. He decided to expand the team. The company maintained a close liaison with a local engineering college. During a campus placement, Ishan and Vrinda were appointed to work for the new project.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

He found the new employees capable, enthusiastic and trustworthy. Aman Chadha was thus, able to focus on objectives and with the help of Ishan and Vrinda, the project was completed on time. Not only this Aman Chadha was also able to extend his area of operations. On the other hand Ishan and Vrinda also got opportunities to develop and exercise initiative.

(i) Identify and briefly explain the concept used by Aman Chadha in the above case which helped him in focusing on objectives.

(ii) Also, state any four points of importance of the concept identified in (i) above.

**25.** एक कम्पनी की कार्यशील पूँजी की आवश्यकता को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों को संक्षेप में समझाइए। 6

Explain briefly any four factors that affect the working capital requirement of a company.

www.careerindia.com